प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

10.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि भीमाकाली मंदिर सराहन के एक हिस्से में हो रहे झुकाव को लेकर आईआईटी मंडी के माध्यम से स्टडी रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। विक्रमादित्य सिंह आज रामपुर में भीमाकाली मंदिर न्यास सराहन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मंदिर का एक हिस्सा लगातार धंस रहा है। ऐसे में नया निर्माण कार्य या मुरम्मत कार्य तभी करवाया जा सकता है जब इसके बारे में विशेषज्ञों की रिपोर्ट होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आईआईटी मंडी से तुरंत पत्राचार कर रिपोर्ट तैयार करवाने के निर्देश दिए। बैठक में मंदिर परिसर व पार्क के सौंदर्यकरण, परिसर में नई लाईटें लगाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने सहित कई अन्य निर्णय लिए गए। बैठक में मंदिर न्यास की छात्रवृति के नाम से अलग से फंड का प्रावधान करने का निर्णय लिया गया ताकि जरूरतमंद विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में कोई असुविधा न हो। बैठक में बताया गया कि इस साल 30 सितम्बर तक मंदिर न्यास को 3 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक की आय हुई है जबकि मंदिर परिसर में 83 लाख 81 हजार रूपए से अधिक की राशि विकास कार्यों पर खर्च की गई।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश सरकार सभी विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार अभिनव प्रयास कर रही है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के कराड़घाट हाई स्कूल में नवनिर्मित अतिरिक्त भवन के लोकार्पण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की भावी जीवन की नींव को मजबूत बनाया जा सकता है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल गुणात्मक शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों को चरणबद्ध ढंग से उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में विकसित कर रही है। इस वित्त वर्ष में 8 सौ 50 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

लेडी गवर्नर

हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज शिमला के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों और मरीजों को एक सौ 20 स्वच्छता किट प्रदान की। इस मौके पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अधीक्षक डॉक्टर लोकेंद्र शर्मा ने लेडी गवर्नर का स्वागत किया और अस्पताल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर रेडक्रॉस के अस्पताल कल्याण अनुभाग की सदस्या साधना ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नीरज नैय्यर

चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने कहा है कि आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। नीरज नैय्यर आज चंबा के साहू में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगों से अपनी बेटियों को शिक्षित बनाने का आह्वान किया ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। शिविर में बेटी है अनमोल योजना के तहत 11 पात्र लाभार्थियों को 21–21 हजार रूपए की एफ.डी.आर. भी प्रदान की गई।

डाक टिकट प्रदर्शनी

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी आरंभ हुई। इस प्रदर्शनी में लोग डाक टिकटों के माध्यम से देश व दुनिया के इतिहास के बारे में जान सकते हैं। प्रदर्शनी के पहले दिन शिमला के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रदर्शनी में 18 सौ 40 से लेकर आज तक के डाक टिकटों के माध्यम से इतिहास की जानकारी हासिल की। हिमाचल प्रदेश डाक सेवा परिमंडल निदेशक बिशन सिंह ने कहा कि फिलेटली प्रदर्शनी में डाक टिकट और स्टांप से संबंधित जानकारी दी गई है। डाक टिकट के माध्यम से भारत का इतिहास और भारत के संबंधों के बारे में जाना जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत के इतिहास के साथ हिमाचल के इतिहास की जानकारी स्कूली बच्चों और आम जनता तक पहुंचाना है।

———————————